भारतीय कपास निगम लिमिटेड
कपास भवन, 136-ए, कमला नेहरू कॉलोनी,
बठिंडा (पंजाब)

दिनांक 12.09.2019

निविदा सुचना

कपास निगम लिमिटेड, शाखा कार्यलय, बठिंडा को दिन प्रतिदिन के आधार पर भाड़े पर लोकल एवं बाहरी कार्य हेतु टैक्सी की आवश्यकता है, जिसके लिए निगम लोकल पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंसीयों से निविदायें आमंत्रित करता है | अत: इच्छुक पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंसीयों से जो बठिंडा शहर में स्थित हैं, द्वारा उपरोक्त पते पर दिनांक 24.09.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक अपनी निविदा निर्धारित प्रोफोर्मा में विधिवत भरकर बंद लिफाफे में भेजे | प्राप्त निविदायें उसी दिन शाम 3.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी | निविदा फॉर्म एवं शर्तें निगम के कार्यलय से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यलय समय के दौरान प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा फॉर्म , नियम एवं शर्तें की पूर्ण जानकारी हमारे वेबसाइट www.cotcorp.org.in एवं गवर्नमेंट वेबसाइट www.tender.gov.in पर भी उपलब्ध है | निविदा आंशिक व पूर्ण रूप से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है |

सहायक महा प्रबंधक

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

कपास भवन, 136-ए, कमला नेहरू कॉलोनी, भटिंडा(पंजाब)

njHkk"k: **0164-22103171,72,74 QDI-2210373**

b-ey: **bathinda@cotcorp.com, www.cotcorp.gov.in,**

टैक्सी निविदा की शर्ते

1. प्रस्ताव सिर्फ निर्धारित फार्म में ही भरे जायें ।
2. अर्नेस्टमनी रु: 2000/- (रुपये दो हजार केवल)का ड्राफ्ट जो कि दि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ,बठिंडा के नाम पर देय हो संलग्न करना जरूरी है ,अन्यथा निविदा को रद्द किया जा सकता है |
3. सील बंद निविदा फार्म पूर्णतया भरकर दिनांक 24.09.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय में लगे हुए टेण्डर बॉक्स में डालें । निर्धारित समयावधि तक प्राप्त सभी निविदा आवेदन को उसी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति द्वारा उपस्थित पार्टियों के समक्ष खोला जायेगा ।
4. निगम के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि किसी भी प्रस्ताव को पूरा या उसके किसी भाग को स्वीकार अथवा अस्वीकार करे ।
5. रात्रि विश्राम के लिये रु 200/- का भुगतान किया जायेगा इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य भुगतान नहीं किया जायेगा ।
6. टैक्सी का बिल हमें टैक्सी के उपयोग के 10 दिन के अंदर मिल जाना चाहिये । आपके बिल का भुगतान बिल की प्राप्ति के 10 दिनों में आयकर अधिनियमों के अनुसार टी.डी.एस. की कटौती (यदि कोई हो तो) करके किया जायेगा बशर्ते की बिल सही हो ।
7. टैक्सी दरें सभी प्रकार के टैक्स सहित (Excluding GST) होना चाहिये । सिर्फ सर्विस टैक्स नियमानुसार देय होगा ।
8. टैक्सी की मांग करने पर आपको उसकी समय पर व्यवस्था करनी होगी, ऐसा न करने पर हम अन्य पार्टी से टैक्सी मंगवायेंगे और यदि हमें आपकी स्वीकृत दर से अधिक

भुगतान करना पड़ा तो आपकी जमा राशि/बिलों में से उसकी कटौती की जायेगी तथा निगम को इस कारण होने वाली हानि आपसे वसूल की जायेगी ।

9. टैक्सी का मॉडल 2015 से पुराना नहीं होना चाहिये अर्थात गाड़ी की आयु 4 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये ।

10. निविदा फार्म में पार्टी द्वारा दी गई अन्य किसी भी प्रकार की शर्त अथवा टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी ।

11. निगम को उपलब्ध करवाई जाने वाली टैक्सी अच्छी कंडीशन में एवं सभी प्रकार के इंश्योरेंस सहित होनी चाहिये ।

12. ड्राईवर को खाने इत्यादि की व्यवस्था स्वंम ही करनी होगी इसके लिए निगम जिम्मेदार नहीं होगा |

13. बिल के साथ संलग्न ड्रायवर स्लिप में यात्रा आरंभ करने के किलोमीटर/दिनांक तथा यात्रा समाप्ति के किलोमीटर/दिनांक सहित निगम के अधिकारी/अतिथि अथवा टैक्सी उपयोग करने वाले के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिये । बिल में यात्रा आरंभ एवं समाप्ति तक के किलोमीटर मान्य होंगे ।

14. टैक्सी प्रवास के दौरान टोल-टैक्स, पार्किंग इत्यादि खर्च का भुगतान आपको करना होगा जिसकी बाद में बिल के साथ रसीद प्रस्तुत करने पर निगम द्वारा भुगतान किया जायेगा । इसके उपरान्त अन्य कोई भी टैक्स नहीं दिया जायेगा ।

15. निविदा स्वीकृति दरें कार्य आदेश दिनांक से 01.10.2019 से 30.09.2020 तक की अवधि के लिये है परन्तु विशेष परिस्थितियों में इसे दोनों पार्टियों की आपसी सहमति से एक साल के लिये बढ़ाया जा सकता है ।

16. कांट्रेक्ट अवधि के दौरान पेट्रोल/डीजल के भाव में बदलाव के कारण टैक्सी दरों में कोई बदलाव नहीं होगा ।

17. पार्टी को निगम की मांग अनुसार एक ही समय पर एक से अधिक गाड़ियाँ भी तय की गई दरों पर उपलब्ध करानी होगी ।

18. इनमें दी गई किसी भी शर्त का पार्टी द्वारा उल्लंघन करने पर निगम को यह अधिकार होगा कि वह तीन दिन का लिखित नोटिस देकर इस कांट्रेक्ट को समाप्त कर दे नियमों

के उल्लंघन के कारण यदि निगम को कोई हानि होती है तो वह राशि भी आपसे वसूल की जायेगी।

19. जिनका प्रस्ताव स्वीकार किया जायेगा उन पार्टियों को निगम के निर्णय से अवगत कराया जायेगा।

20. यदि दो या दो से अधिक पार्टियों की दर समान पाई जाती है तो उन्हीं पार्टियों से पुन: बंद लिफाफे में निश्चित समयावधि में भाव आमंत्रित किये जायेंगे जिसमें न्यूनतम दर देने वाली पार्टी को कार्य आदेश दिया जायेगा। यदि पुन: मांगे गये भाव भी समान पाये जाते हैं तो उस स्थिति में निगम द्वारा पार्टी की विश्वसनीयता एवं सेवा को देखते हुए निर्णय लिया जायेगा।

21. निगम किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार (सभी कांट्रेक्ट अस्वीकार) करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है

22. निगम के कार्य के दौरान कोई दुर्घटना/जनहानि होती है उसके लिये निगम की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। बीमा/कानूनी दावा आदि से संबंधित सभी जिम्मेदारी टैक्सी कांट्रेक्टर की होगी।

23. टेक्सी चालक (ड्राईवर) के पास गाड़ी का लाइसेंस होना अनिवार्य है तथा साथ ही गाड़ी के सभी दस्तावेज (R.C., बीमा, प्रदुषण के सभी जरुरी दस्तावेज की समस्त जिम्मेवारी पार्टी को होगी | इससे सम्बंधित निगम की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी |

24. किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर बठिंडा म्युनिसिपल कार्पोरेशन के क्षेत्राधिकार न्यायालय में ही विवाद कारण उठाया जायेगा।

मैंने उपरोक्त शर्ते पढ़ी हैं तथा मुझे मंजूर हैं।

पार्टी के हस्ताक्षर मुहर के साथ

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD,

BRANCH OFFICE, BATHINDA

1. Name of the Taxi Contractor/Firm : _____

2. Contact Person's name : _____

3. Full postal address for : _____

   Communication along with

   Mobile/Telephone Number. _____

   _____

   _____

4. PAN No. (Copy enclosed) : _____

5. Permanent Address : _____

   _____

   _____

6. Earnest Money detail : Draft No:_____dt_____

   Amount:_____Bank:_____

7. Bank Detail for payment

   a) Name of account holder : _____

   b) Bank Name & Branch : _____

   c) Account No. : _____

   d) IFSC Code : _____

Date : _____ Signature& Stamp of the Party: _____

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

शाखा कार्यालय : बठिंडा

1. पार्टी का नाम एवं पता : .....

.....

.....

Rates for Different Cars

क्रं.	गाड़ी का नाम एवं प्रकार	Up to 250 कि.मी.		Above 250 KM(Single Rate)
		Daily Rates	Charge per KM	Charge per KM Only (No Daily Rates Allowed)
NON AC				
1.	Indica/Indigo			
2.	Swift/Desire			
3.	Honda Mobileo			
4.	Innova			
5	TAVERA			
AC				
1.	Indica/Indigo			
2.	Swift/Desire			
3.	Honda Mobileo			
4.	Innova			
5	TAVERA			

उक्त दरें सभी करों **(Taxes) excluding GST** सहित होंगी **|**

उपरोक्त दरें टैक्सी कोटेशन के साथ संलग्न नियम एवं शर्तों के अनुसार है।
कोटेशन फार्म के साथ संलग्न शर्तें हमें मंजूर हैं।

स्थान : .....
दिनांक : .....

पार्टी के हस्ताक्षर (मुहर सहित)